


# प्राचार्य का संदेश

**"विद्या ददाति विनयं, विनयाद् याति पात्रताम"**

प्रिय छात्राओं,

लोकमाता अहिल्याबाई होलकर राजकीय महिला महाविद्यालय के इस नवीन शैक्षणिक सत्र में आप सभी का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन है। शिक्षा केवल किताबी ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह वह आलोक है जो हमारे व्यक्तित्व को गढ़ता है और हमें समाज के प्रति संवेदनशील व आत्मनिर्भर बनाता है।

हमारा महाविद्यालय महिला सशक्तिकरण के ध्येय को समर्पित है। हमारा उद्देश्य आपको एक ऐसा सुरक्षित और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करना है, जहाँ आप न केवल अकादमिक उत्कृष्टता प्राप्त करें, बल्कि अपने भीतर छिपी प्रतिभाओं को भी पहचान सकें। आधुनिक संसाधनों, सुसज्जित प्रयोगशालाओं और अनुभवी प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में हम आपको भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने हेतु प्रतिबद्ध हैं।

आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में, हम केवल डिग्री प्रदान करने तक सीमित नहीं हैं। खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से हम आपके सर्वांगीण विकास पर बल देते हैं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि अनुशासित रहकर और कठिन परिश्रम के बल पर आप अपने सपनों को साकार कर सकती हैं और राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

मैं आप सभी के उज्ज्वल और यशस्वी भविष्य की मंगल कामना करता हूँ। आइए, हम सब मिलकर ज्ञान के इस मंदिर में उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करें।

शुभकामनाओं सहित,

डॉ. अनुपम सिंह
प्राचार्य
लोकमाता अहिल्याबाई होलकर
राजकीय महिला महाविद्यालय
भरापुरा, अलीगंज (एटा)

# महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचय

नारी शक्ति और सुशासन की प्रतीक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की पावन स्मृति में समर्पित, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2025 में जनपद एटा के अलीगंज कस्बे में इस महाविद्यालय की स्थापना की गई है। यह महाविद्यालय अलीगंज कस्बे से कुरावली रोड पर लगभग 2 किमी दूर स्थित है। महाविद्यालय में छात्राओं की सुविधा हेतु महिला छात्रावास की भी सुविधा उपलब्ध है। महाविद्यालय की सम्बद्धता राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अलीगढ़ से है। इस संस्थान का मुख्य ध्येय ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र की छात्राओं को नई शिक्षा नीति – 2020 के अनुसार उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। महाविद्यालय में तीन संकाय संकाय संचालित है –

अकादमिक संकाय – महाविद्यालय में आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित तीन प्रमुख संकायों में शिक्षण कार्य संचालित है –

1.कला संकाय (Faculty of Arts) – साहित्य, समाज विज्ञान और मानवीय मूल्यों के संवर्धन हेतु हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, गृहविज्ञान, इतिहास, संगीत वादन तबला जैसे विषयों का चयन उपलब्ध है।

2.विज्ञान संकाय (Faculty of Science) – वैज्ञानिक दृष्टिकोंण विकसित करनें के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं के साथ गणित और जीवविज्ञान समूह की शिक्षा उपलब्ध्स है।

3.वाणिज्य संकाय (Faculty of Commerce) – व्यावसायिक कौशल और वित्तीय प्रबंधन की बारीकियों को समझने हेतु विस्तृत पाठ्यक्रम उपलब्ध है।

## विभिन्न पाठ्यक्रमों/कक्षाओं में प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हता तथा प्रवेश सम्बन्धी आवश्यक सूचनायें तथा निर्देश

1. छात्रायें स्नातक स्तर पर जिस संकाय से दो मेजर विषयों का चुनाव करेगी वह संकाय छात्रा का ''अपना संकाय (Own Faculty)'' कहलायेगा। परन्तु छात्रायें उसी संकाय का चयन करेगी, जिस संकाय से संबंधित विषय से वे इण्टरमीडिएट का अध्ययन करके आयी हैं। इसके साथ ही बहुविषयकता के लिए प्रथम व तृतीय सेमेस्टर में छात्राओं को अपने या दूसरे फैकल्टी से तीसरे विषय को माइनर विषय के रूप में अध्ययन करना होगा।
2. विज्ञान वर्ग से इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण करने वाली छात्रायें किसी भी संकाय में प्रवेश ले सकती हैं।
3. जिन छात्राओं ने इण्टरमीडिएट कला अथवा वाणिज्य वर्ग से उत्तीर्ण किया है। वे छात्रायें बी.ए. अथवा बी.कॉम में से किसी में भी प्रवेश ले सकती हैं।
4. महाविद्यालय में बी॰ए॰ प्रथम सेमेस्टर में अधिकतम 480, बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर बायो वर्ग में 180, बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर मैथ वर्ग में 180 व बी॰कॉम॰ प्रथम सेमेस्टर में अधिकतम 180 छात्राओं को प्रवेश की अनुमति दी जायेगी।
5. छात्राओं को राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अलीगढ़ के स्टूडेन्ट समर्थ पोर्टल पर वेब पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। महाविद्यालय से उपलब्ध कराये गए प्रवेश फार्म को पूर्ण रूप से भरकर उसके साथ समस्त आवश्यक शैक्षणिक व अन्य प्रमाणपत्रों के साथ वेब पंजीकरण फार्म के प्रिन्ट आउट को लगाकर महाविद्यालय के कार्यालय में अन्तिम तिथि से पहले जमा करना अनिवार्य होगा।
6. अपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा तथा समस्त प्रमाण–पत्रों के उपलब्ध होने पर ही प्रवेश संभव होगा। वांछित प्रमाण–पत्रों की फोटो कापी स्वप्रमाणित करके ही फार्म में लगायें।
7. प्रवेश की अंतिम तिथि व निर्धारित स्थान भर जाने के बाद कोई प्रवेश देय नहीं होगा।
8. अभ्यर्थी द्वारा गलत सूचना देने व कोई तथ्य छिपाने की स्थिति में उसका प्रवेश प्राचार्य द्वारा निरस्त कर दिया जायेगा। प्राचार्य को यह अधिकार है कि वह अनुशासनहीनता, दुराचरण और शांतिभंग की स्थिति में संबंधित छात्राओं का प्रवेश निरस्त कर सकते हैं। इस स्थिति में उनके द्वारा जमा किया गया शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।
9. प्रवेश के लिए आरक्षण की व्यवस्था उ0प्र0 शासन के नियमानुसार ही होगी।
10. सूचना पट् (नोटिस बोर्ड) तथा महाविद्यालय के व्हाट्सएप ग्रुप पर महाविद्यालय की समस्त जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। उपलब्ध कराये गए निर्देशों का पालन प्रत्येक छात्रा के लिए अनिवार्य है।

11. परिचय–पत्र प्रतिदिन साथ लाना अनिवार्य है।
12. छात्राओं के प्रवेश के मामले में अन्तिम निर्णय प्राचार्य का होगा तथा प्रवेश के अयोग्य पाए जाने पर छात्राओं के प्रवेश को निरस्त करने का अधिकार प्राचार्य का होगा।
13. प्रवेश आवेदन जमा करने मात्र से मान्य नहीं होगा। महाविद्यालय में प्रवेश मेरिट के अनुसार प्रवेश समिति की संस्तुति के आधार पर किया जायेगा। प्रत्येक छात्रा को जिसको जिस तिथि में साक्षात्कार में उपस्थित होने को कहा जायेगा, उपस्थित होना अनिवार्य रहेगा। सभी सूचनायें नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जायेंगी।
14. शासनादेश संख्या 746/सत्तर–1–2009 दिनांक 26.03.2009 के अनुसार महाविद्यालय में रैगिंग पूर्णतया प्रतिबन्धित है।
15. महाविद्यालय की छात्राओं को विश्वविद्यालय की परीक्षा में बैठने के लिए अलग–अलग विषयों में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। अन्यथा छात्रा परीक्षा में नहीं बैठ सकेगी और न ही छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा।

## प्रवेश आवेदन मे संलग्न किए जाने वाले प्रमाणपत्र

1. हाईस्कूल व इण्टरमीडियट की सत्यापित अंकतालिकायें।
2. अन्तिम संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण–पत्र (CC)तथा स्थानान्तरण प्रमाणपत्र (TC) मूल रूप में।
3. पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति की छात्रायें नवीनतम जाति प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रति।
4. समस्त छात्रायें नवीनतम आय प्रमाण पत्र (यथा संभव वर्तमान वर्ष का)।
5. आधार कार्ड की सत्यापित प्रति।
6. विश्वविद्यालय के पोर्टल पर छात्राओं द्वारा कराये गए वेब रजिस्ट्रेशन की प्रति।
7. अपार आई डी कार्ड (APAAR ID) की सत्यापित छाया प्रति।
8. बी.ए./बी.एस.सी./बी.कॉम. द्वितीय व तृतीय वर्ष में प्रवेश लेने वाली छात्रायें अपनी पिछली सभी कक्षाओं की उत्त्तीर्ण अंकतालिकाये।

## प्रवेश लेते समय ध्यान रखने वाले अति महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश

1.यूनीवसिर्टी के पोर्टल पर वेब रजिस्ट्रेशन कराते समये समस्त जानकारी सही–सही (त्रुटि रहित) भरी जाये। छात्रा के नाम, माता–पिता के नाम तथा जन्मतिथि हाईस्कूल अंकपत्र के अनुसार होनी चाहिए।

2.यूनीवर्सिटी के पोर्टल पर वेब रजिस्ट्रेशन कराते समय छात्रायें यथा संभव अपने ही अथवा अपने परिवार के मोबाइल नंबर और मेल आई डी का ही प्रयोग करें। किसी भी कीमत पर साइबर कैफे के मोबाइल नंबर तथा मेल आई डी का उपयोग न करें। वेब रजिस्ट्रेशन में दी गई मेल आई डी और मोबाइल नंबर सम्पूर्ण अध्ययन के दौरान एक्टिव/चालू रहना चाहिए।

2.आधार कार्ड में समस्त जानकारी हाईस्कूल के अंकपत्र के अनुसार होनी चाहिए। यदि आधार कार्ड में कोई त्रुटि है तो उसे अतिशीघ्र सही करवा लें।

3.छात्राओं के द्वारा अपार आई डी बनवाना अनिवार्य है।

## महाविद्यालय गणवेश (कॉलेज यूनीफार्म)

छात्राओं के सादगी व शालीनतापूर्वक रहने के उद्देश्य से महाविद्यालय में गणवेश निर्धारित की गयी है। सभी छात्राओं को हल्के गुलाबी रंग का कुर्त्ता, सफेद सलवार व सफेद दुपट्टा/सफेद कोटी अनिवार्यतः धारण कर महाविद्यालय में उपस्थित होना है। शीतकाल में काला स्वेटर या कोट गणवेश का अंग है। विवाहित छात्रा हल्के गुलाबी रंग की साड़ी व सफेद ब्लाउज धारण कर सकती है। निर्धारित गणवेश में न आने पर छात्रा को दंडित किया जा सकता है।

# शुल्क विवरण

आवश्यकतानुसार नये शुल्क लगाने, पुराने किसी शुल्क को समाप्त करने अथवा किसी राजाज्ञा या विश्वविद्यालय की ओर से शुल्क में संशोधन के अनुसार शुल्क दरों में परिवर्तन का अधिकार प्राचार्य को होगा। जिन छात्राओं नें प्रवेश ले लिया हो उन्हें निर्धारित तिथि तक कार्यालय में पूरा शुल्क जमा करना होगा। अन्यथा उनका प्रवेश स्वतः निरस्त हो जायेगा। छात्रायें प्रवेश से पहले अपनी कक्षा की नवीनतम फीस की जानकारी महाविद्यालय कार्यालय से प्राप्त कर लें।

| क्र.स. | कक्षा | विवरण | कुल फीस |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.ए. प्रथम वर्ष (दोनों सेमेस्टर मिलाकर) | बिना किसी प्रयोगात्मक विषय के | 3880 रूपये |
| 2 | बी.ए. प्रथम वर्ष (दोनों सेमेस्टर मिलाकर) | एक प्रयोगात्मक विषय के साथ | 4305 रूपये |
| 3 | बी.ए. प्रथम वर्ष (दोनों सेमेस्टर मिलाकर) | दो प्रयोगात्मक विषय के साथ | 4745 रूपये |
| 4 | बी.कॉम प्रथम वर्ष (दोनों सेमेस्टर मिलाकर) | — | 3880 रूपये |
| 5 | बी.एस.सी प्रथम वर्ष (दोनों सेमेस्टर मिलाकर) | गणित वर्ग | 4745 रूपये |
| 6 | बी.एस.सी प्रथम वर्ष (दोनों सेमेस्टर मिलाकर) | बायो वर्ग | 4985 रूपये |

## महाविद्यालय की व्यवस्थाएँ एवं सुविधाएँ

1. **सांस्कृतिक परिषद् :—** छात्राओं की नैंसर्गिक प्रतिभा को उजागर करने के लिए महाविद्यालय में विभागीय परिषदों के साथ—साथ एक सास्कृतिक परिषद् का भी गठन किया गया है। शैक्षणिक सत्र समय—समय पर निबन्ध, भाषण, वाद विवाद, नारा—लेखन, पोस्टर, कुकिंग, सुगम संगीत, नृत्य, फैन्सी ड्रेस, नाटक, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कर छात्राओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित की जाती है। सत्र के मध्य में महाविद्यालय स्तर पर सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्राओं को प्रतिभा प्रकट करने के उद्देश्य से युवा महोत्सव का आयोजन किया जाता है। सम्पूर्ण सत्र में विभिन्न राष्ट्र दिवस, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों आदि का आयोजन करते हुए सत्रान्त में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन कर महाविद्यालय की मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत किया जाता है।
2. **शास्ता—मण्डल (प्रॉक्टोरियल बोर्ड) :—** महाविद्यालय में अनुशासन एवं व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्रॉक्टोरियल बोर्ड का गठन किया जाता है। प्रॉक्टोरियल बोर्ड कॉलेज में अनुशासन हेतु प्रतिबद्ध है। समस्त छात्राओं को प्रॉक्टोरियल बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।
3. **विद्यार्थी परामर्श एवं कैरियर काउन्सिलिंग प्रकोष्ठ —** महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को शैक्षिक उपलब्धियों, सेवायोजन, व्यवसायिक शिक्षा, रोजगार सम्बन्धी अवसरों एवं पाठ्यक्रमों की जानकारी देने हेतु विद्यार्थी परामर्श एवं कैरियर काउन्सिलिंग प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। छात्रा इस प्रकोष्ठ के प्रभारी से मिलकर आवश्यक विचार—विमर्श एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर सकती है।
4. **आंतरिक गुणवत्ता एव सुनिश्चियन प्रकोष्ठ :—** महाविद्यालय में विभिन्न क्षेत्रों में गुणवत्ता लाने एव उन्नयन करने हेतु आन्तरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ का गठन किया गया है।
5. **शिकायत निवारण प्रकोष्ठ :—** महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं की समस्याओं को सुनकर उनका उचित समाधान करने हेतु शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है।
6. **परिषद —** महाविद्यालय के प्रत्येक विभाग में परिषदों की स्थापना की गयी है जिसके अन्तर्गत विभिन्न समारोह, सेमिनार, प्रतियोगिताएँ, विद्धानों के भाषण आदि आयोजित किये जाते है।
7. **पुरातन छात्रा परिषद् :—** पुरातन छात्राओं का संबंध संस्था से बना रहे इस उद्देश्य से पुरातन छात्रा परिषद् का गठन किया गया है।
8. **इको—रेस्टोरशन क्लब :—** छात्राओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से इको—रेस्टोरशन क्लब की स्थापना की गयी है। क्लब का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति सचेत रहना, परिषद को हरा भरा रखना, अधिक से अधिक वृक्ष लगाना तथा उनका रखरखाव है।

9. **महिला प्रकोष्ठ एवं आन्तरिक परिवाद समिति :–** महिला महाविद्यालय होने के कारण नारी सशक्तिकरण पर चिन्तन–मनन करने हेतु छात्राओं एवं प्राध्यापकों के सहयोग से महिला प्रकोष्ठ संचालित किया जा रहा है। महाविद्यालय में महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न संबंधी निवारण हेतु आन्तरिक परिवाद समिति का गठन किया गया है।
10. **निर्धन छात्रा सहायता कोष :–** महाविद्यालय में शासन द्वारा निर्धारित नियमानुसार निर्धन छात्राओं को निर्धन छात्रा सहायता कोष से सुविधा प्रदान की जाती है।
11. **छात्रवृत्ति :–** जिला एवं समाज कल्याण विभाग एवं जिला पिछड़ा वर्ग विभाग जाति एवं आय के आधार पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्ग तथा सामान्य वर्ग की निर्धन एवं योग्य छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।
12. **पुस्तकालय एवं वाचनालय :–** महाविद्यालय में छात्राओं में पठन पाठन की अभिरूचि विकसित करने एवं समय के सृजनात्मक उपयोग के लिए एक वाचनालय है। हिन्दी एवं अंग्रेजी के समाचार पत्रों के अतिरिक्त प्रतिष्ठित पाक्षिक/मासिक पत्रिकाएं एवं प्रतियोगिताओं से संबंधित पत्रिकाएं उपलब्ध रहती हैं।
13. **स्मार्ट क्लास :–** महाविद्यालय में शिक्षण/अधिगम को प्रभावी बनाने हेतु शासन द्वारा 01 स्मार्ट क्लास की स्थापना की गई है।
14. **क्रीड़ा एवं खेलकूदः–** खेलकूद से शारीरिक क्षमता और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है। खेलकूद से टीम वर्क, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। महाविद्यालय में प्रत्येक खेल से जुड़ी हुई सामग्री उपलब्ध है।
15. **Wifi की सुबिधा :–** महाविद्यालय परिसर में Wifi की सुविधा उपलब्ध है।
16. **स्वामी विवेकानन्द डिजी शक्ति योजना का लाभ –** उ0प्र0सरकार द्वारा युवाओं को ऑनलाइन तथा डिजिटल शैक्षिणिक प्लेटफार्मों का लाभ उठाने के उद्देश्य से स्नातक स्तर पर मुफ्त स्मार्ट फोन/टेबलेट का वितरण किया जाता है। प्रत्येक छात्रा इस योजना का लाभ ले सकती है।

**शिक्षक–अभिभावक सम्मेलन**

1. अभिभावक प्राध्यापक परिषद् :– महाविद्यालय में अध्ययनरत् छात्राओं के अभिभावकों से संवाद स्थापित कर उनके सुझाावों का महाविद्यालय विकास में लाभ लेने के उद्देश्य से परिषद् का गठन किया गया है।
2. प्रत्येक माह के तृतीय शानिवार को प्राध्यापक–अभिभावक बैठक का आयोजन किया जायेगा। इस बैठक में भविष्य की योजनाओं पर विचार–विमर्श के साथ–साथ शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में परिचर्चा की जाएगी।
3. महाविद्यालय की सभी सूचनाओं हेतु एक whatsapp ग्रुप है, जिससे जुड़ने के लिये छात्रा प्रवेश समिति के सदस्यों से सम्पर्क स्थापित करें।
4. महाविद्यालय में जो मोबाइल नम्बर उपलब्ध कराया जाये वह स्थायी रूप से चालू रहे, जिससे कि सूचनाओं की जानकारी प्राप्त होती रहे।

# महाविद्यालय स्टाफ

## प्राचार्य – डॉ. अनुपम सिंह (प्रभारी)

## कला संकाय

1.हिन्दी – रिक्त

2.अंग्रेजी – रिक्त

3.समाजशास्त्र – डॉ. अनुपम सिंह

4.इतिहास – रिक्त

5.शिक्षाशास्त्र – रिक्त

6.अर्थशास्त्र – रिक्त

7.गृहविज्ञान – रिक्त

8.संगीत वादन तबला – रिक्त

## विज्ञान संकाय

1.जन्तु विज्ञान – रिक्त

2.वनस्पति विज्ञान – रिक्त

3.रसायन विज्ञान – डॉ. अभिनव द्विवेदी

5.गणित – रिक्त

6.भौतिक विज्ञान – श्री मनमोहन सिंह

## वाणिज्य संकाय

1.डॉ. दीपांकर सिंह – असिस्टेण्ट प्रोफेसर वाणिज्य

## कार्यालय स्टाफ

1.श्रीमती वर्तिका सिंह – वरिष्ठ सहायक

## चतुर्थ श्रेणी (आउट सोर्सिंग कर्मचारी)

1.श्री अनुराग यादव

2.श्री आकाश कुमार

3.श्री अभिषेक कुमार

4.श्री संजू शर्मा